# ❁❁ विद्यालयों के भौतिक विकास में सहयोग हेतु अपील ❁❁

विद्यालय समाज का दर्पण होता है और यहाँ के विद्यार्थी ही भविष्य के निर्माता हैं। उनके सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय के भौतिक संसाधनों का सुदृढ़ होना आवश्यक है। वर्तमान में हमारे विद्यालय में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार एवं विकास अपेक्षित है, ताकि बच्चों को उत्तम शैक्षिक वातावरण मिल सके।

पिछले दिनों प्राकृतिक आपदा के कारण राजकीय विद्यालयों के भवन को भारी नुकसान हुआ है जिससे राजकीय विद्यालयों के शैक्षिक वातावरण में भय की स्थिति पैदा हो गई। राज्य सरकार अपने स्तर से इन राजकीय विद्यालयों के भौतिक विकास में निरन्तर प्रयासरत है परन्तु इस कार्य में सफल संपादन के लिए विभाग की ओर से भामाशाहों/दानदाताओं से सहयोग की अपेक्षा की जाती है। उदार दानदाताओं (भामाशाह) का योगदान विद्यालय की प्रगति और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।

अतः सभी आमजन सहित भामाशाह, प्रवासी राजस्थानी एवं सीएसआर के अन्तर्गत कार्य करने वाली कम्पनियों से विनम्र निवेदन है कि वे अपने परिक्षेत्र के राजकीय विद्यालयों के भौतिक विकास कार्यों हेतु यथाशक्ति सहयोग प्रदान कर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें। आपके द्वारा दिया गया सहयोग न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि संपूर्ण समाज के लिए एक अमूल्य निवेश सिद्ध होगा।

स्कूल शिक्षा विभाग संचालित ऑनलाईन प्लेटफॉर्म ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से राज्य के किसी भी विद्यालय के भौतिक विकास में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए सीएसआर प्रकोष्ठ व आरईआई प्रकोष्ठ राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर से मोबाइल नम्बर 9887415785, 9983417111 पर सम्पर्क कर सकते है।

निवेदक–

स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान